आमोखस व मिडिया की खबरों व प्रथम समाचार पत्र

RNI No. UPHIN/2012/47484



# जननायक सम्राट



बर्ष :13 अंक :412 पृष्ठ -4 दिनांक 25 फरवरी 2025 दिन मंगलवार

# प्रयागराज महाकुंभ पार्किंग में सो रहे दो श्रद्धालुओं की मौत पोस्टमार्टम के लिए भेजे गए शव, ड्राइवर फरार

# महाकुंभ के दौरान 40 से 45 करोड़ श्रद्धालुओं के ही आने का अनुमान लगाया



उत्तर प्रदेश स्थित प्रयागराज में फाफामऊ के बेला कछार की पार्किंग में सो रहे दो श्रद्धालुओं की मौत हो गई. अलग–अलग वाहनों से कुचलने से मौत हुई. मुरादाबाद के 35 वर्षीय गीतेश सैनी की बस से कुचलकर मौत हो गई. वह अपनी मां के साथ आया गीतेश संगम स्नान के बाद रात में पार्किंग में सो गया था.वहीं बिहार के 48 वर्षीय अनिल ठाकुर भी पार्किंग में सोए हुए थे. क्रेटा कार बैक करने के दौरान चपेट में आने से बुरी तरह से घायल हो गए थे. वह अपनी पत्नी लाल मुन्नी के साथ गंगा स्नान के लिए आए थे.जानकारी के अनुसार फाफामऊ थाना प्रभारी अश्वनी सिंह ने दोनों वाहनों को कब्जे में ले लिया है. वाहनों को कब्जे में लेकर एफआईआर दर्ज कर ली गई है. शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है. हालांकि दोनों वाहनों के ड्राइवर दुर्घटना के बाद फरार हो गए हैं.उधर, महाकुंभ मेले में 43 वें दिन भी श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ रही है. सुबह 08रू00 बजे तक 35 लाख 31 हजार श्रद्धालुओं ने आस्था की डुबकी लगाई.23 फरवरी तक 62 करोड़ 06 लाख श्रद्धालु आस्था की डुबकी लगा चुके हैं. 26 फरवरी महाशिवरात्रि के स्नान पर्व महाकुंभ 2025 चलेगा.महाकुंभ के समापन तक 65 करोड़ से ज्यादा श्रद्धालु स्नान कर सकते हैं. जबकि सरकार ने पूरे महाकुंभ के दौरान 40 से 45 करोड़ श्रद्धालुओं के ही आने का अनुमान लगाया था.

## गंगाजल में पनप ही नहीं सकता फीकल कोलीफॉर्म बैक्टीरिया?

गंगा के जल को लेकर फीकल कोलीफॉर्म बैक्टीरिया की उपस्थिति के दावों पर पद्मश्री वैज्ञानिक डॉ. अजय सोनकर ने अपनी प्रयोगशाला में गंगा जल को लेकर कई महत्वपूर्ण निष्कर्ष निकाले हैं. इसके अलावा लाखों श्रद्धालुओं के सामने वै. ज्ञानिक ने गंगा जल पीकर भी दिखाया. यह भी साबित किया कि इसमें ऐसा कोई हानिकारक बैक्टीरिया नहीं है, क्योंकि गंगा जल की विशेषता और मौजूदा तापमान इसे बैक्टीरिया के विकास के लिए अनुपयुक्त बनाते हैं.डॉक्टर अजय ने बताया है कि सबसे बड़ी बात तो ये है कि फीकल कोलीफॉर्म बैक्टीरिया पानी के 20 डिग्री सेल्सियस तापमान से कम होने पर पूरी तरह से निष्क्रिय रहता है. जबकि पूरे महाकुम्भ के दौरान गंगा जल का तामपान 10 से 15 डिग्री तक ही रहा है. संगम के विभिन्न घाटों पर वैज्ञानिक ने श्रद्धालुओं के बीच गंगा जल का तामपान भी जांचा. इसी के साथ यह जानकारी दी कि 20 डिग्री सेल्सियस तापमान से कम होने पर यह बैक्टीरिया खुद को बढ़ा ही नहीं सकता हैपद्मश्री वैज्ञानिक डॉ. अजय सा. `नकर के अनुसार फीकल कोलीफॉर्म बैक. टीरिया 35 से 45 डिग्री सेल्सियस के तापमान में पनपता है. जबकि महाकुम्भ के दौरान गंगा जल का तापमान 10 से 15 डिग्री सेल्सियस के बीच ही रहा है. जो इसे निष्क्रिय बनाए रखता है.यह बैक्टीरिया 20 डिग्री सेल्सियस से कम तापमान में खुद को मल्टीप्लाई नहीं कर सकता है. महाकुम्भ के दौरान संगम जल का तापमान 10 डिग्री सेल्सियस से भी कम दर्ज किया गया था. ऐसे में इसके सक्रिय होने की कोई संभावना ही नहीं है.गंगा जल अपने विशेष गुणों के कारण सदियों से शुद्ध माना जाता रहा है. वैज्ञानिक तथ्यों के आधार पर यह स्पष्ट है कि मौजूदा ठंडे जल में फीकल कोलीफॉर्म जीवित रहना संभव नहीं है. डॉ. अजय सोनकर ने कहा है कि गंगा जल स्नान व आचमन के लिए पूरी तरह उपयुक्त है. इसके अलावा यह गंगा जल हमारे शरीर के विभिन्न रोगाणुओं को ठीक करने में भी मदद करता है.

### महाकुंभ में दिखा अनोखा रंग, मां की याद में महिलाओं को फ्री में चाय पिला रहा साहिल

प्रयागराज महाकुंभ में अब तक 61 करोड़ श्रद्धालुओं ने संगम में आस्था की डुबकी लगाकर ऐतिहासिक रिकॉर्ड बना दिया है. जहां एक तरफ इतनी बड़ी संख्या में श्रद्धालु आ रहे है तो वहीं दूसरी तरफ महाकुंभ में कई तरह के रंग भी देखने को मिल रहे हैं. ऐसा ही कुछ देवरिया के साहिल राजभर ने किया जो अब चर्चा का विषय बन गया है. साहिल महाकुंभ में आने वाली महिलाओं को मुफ्त में चाय पिला रहे हैं. उनका कहना है कि पिछले साल उनकी मां की मौत हो गई थी. महाकुंभ में चाय पिलाकर उन्हें अच्छा लग रहा है. महाकुंभ में साहिल राजभर रोजाना अपने घर से चाय की बड़ी सी केतली भरकर लाते हैं और यहां आने वाले श्रद्धालुओं को चाय पिलाते हैं. वो महिलाओं को एकदम मुफ्त और पुरुषों को दस रुपये में चाय पिलाते हैं.

साहिल ने बताया कि उसकी मां नहीं है. इसलिए वो हर महिला में अपनी मां और बहन के रूप को देखते हैं. इसलिए ऐसा करने का मन में विचार आया.

साहिल ने कहा कि उन्होंने कुंभ से ही इसकी शुरुआत की, मुझे चाय पिलाने के लिए किसी ने नहीं कहा बस मेरे मन से हुआ. उसने कहा कि उसकी मां सामाजिक महिला थी, अगर आधी रात को भी किसी को मदद की जरूरत होती थी तो वो मना नहीं करती थी. बस उनसे ही प्रेरणा लेकर उन्होंने महिलाओं को चाय पिलाने के बारे में सोचा. साहिल की मां का निधन फरवरी 2024 में हो गया है और वह इस महाकुंभ में आई हुई सभी महिलाओं को अपनी मां के रूप में देख रहा है और उनको मुफ्त में चाय पिला रहा है. साहिल अच्छा गाना भी गाते हैं.



उन्होंने मां की याद में भी गाना गया तो वहीं महाकुंभ को लेकर उनका गाया गाना बहुत ज्यादा वायरल हो रहा है. बता दें कि महाकुंभ में अब दो दिन ही बचे हैं. आखिरी दिनों भी यहां बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे हैं. महाशिवरात्रि पर आखिरी स्नान है माना जा रहा है कि इस दिन और भी भीड़ उमड़ सकती है.

## यूपी बोर्ड की परीक्षा देने वाले छात्रों को CM योगी ने दी शुभकामनाएं, बता दिया सफलता का मूलमंत्र



उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को छात्रों को माध्यमिक शिक्षा परिषद उत्तर प्रदेश (उप्र बोर्ड) की परीक्षाओं के लिए शुभकामनाएं देते हुए उन्हें अपना सर्वश्रेष्ठ प्रयास करने की नसीहत दी. सा. `मवार को शुरू हो रही उप्र बोर्ड की कक्षा 10 और 12 के लगभग 54 लाख छात्रों के परीक्षा देने की उम्मीद है. सीएम योगी आदित्यनाथ ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट कर कहा, ''उप्र बोर्ड की 10वीं और 12वीं कक्षा की परीक्षा में सम्मिलित होने वाले सभी छात्र–छात्राओं को हार्दिक शुभकामनाएं.''उन्होंने कहा, ''आप सभी पूर्ण आत्मविश्वास, धैर्य और पूरी क्षमता के साथ इस परीक्षा रूपी महोत्सव में सहभाग करें. परीक्षा को अपनी दिनचर्या का एक सहज हिस्सा मानकर अपना सर्वश्रेष्ठ प्रयास करें. '' मुख्यमंत्री ने इसी पोस्ट में आगे कहा, ''मां सरस्वती की कृपा आप सभी पर बनी रहे, आप सभी सफल हों, इसके लिए अने. कानेक मंगलकामनाएं.''सरकार के अनुसार बोर्ड परीक्षाएं 24 फरवरी से 12 मार्च तक चलेंगी और इनमें 54 लाख 37 हजार 233 परीक्षार्थी शामिल होंगे. इनमें से 27.32 लाख से अधिक परीक्षार्थी कक्षा 10वीं की बोर्ड परीक्षा में शामिल होंगे, जबकि शेष (27.05 लाख से अधिक) परीक्षार्थी कक्षा 12वीं की बोर्ड परीक्षा में शामिल होंगे. बोर्ड परीक्षाओं के लिए कुल 8,140 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं. परीक्षाओं की निगरानी के लिए एक राज्य स्तरीय नियंत्रण कक्ष स्थापित किया गया है. सरकार ने परीक्षा में नकल करने और करवाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की चेतावनी भी दी है.बता दें कि यूपी बोर्ड की परीक्षाओं को लेकर योगी सरकार ने परीक्षाओं को पारदर्शी, सुरक्षित और नकलविहीन बनाने की तैयारी पूरी कर ली है. इस बार परीक्षा केंद्रों पर न केवल सुरक्षा व्यवस्था और कड़ी की गई है, बल्कि परीक्षार्थियों के मान. सिक और शारीरिक स्वास्थ्य का भी विशेष ध्यान रखा गया है.

## रमजान से पहले शाही जामा मस्जिद की रंगाई–पुताई के लिए ASI से मांगी इजाजत, DM ने दिया ये जवाब

उत्तर प्रदेश के संभल की शाही जामा मस्जिद कमेटी के अध्यक्ष जफर अली ने भारतीय पुरातत्व विभागASI को पत्र लिख कर रमजान के मौके पर शाही जामा मस्जिद की रंगाई, पुताई, साफ सफाई और सजावट की अनुमति मांगी है.शाही जामा मस्जिद के सदर जफर अली ने बताया कि ेप् से इस बार शाही जामा मस्जिद की साफ–सफाई, पुताई, रंगाई और सजावट की इजाजत मांगी गई है, वैसे तो सैकड़ों वर्षों से शाही जामा मस्जिद की रंगाई, पुताई, साफ–सफाई और सजावट होती आई है. कभी ेप् से परमिशन नहीं मांगी गई और न ही कभी उन्होंने एतराज जाहिर किया, न ही आपत्ति की और न ही विरोध किया.उन्होंने कहा कि सिर्फ शहर में शांति, अमन बरकरार रहे इसलिए परमिशन लेना मुनासिब समझा. पवित्र रमजान के महीने में रमजान से पहले रंगाई, पुताई, साफ सफाई करने की इजाजत मांगी है. सैकड़ों साल से रमजान के पवित्र मौके पर शाही जामा मस्जिद में साफ सफाई, पुताई रंगाई और सजावट होती चली आ रही है उसके लिए हमें आदेश दे दें ताकि हम पवित्र रमजान के सारे कार्य करा सकें.इस मामले में जिला अधिकारी राजेन्द्र पेंसिया का कहना है कि शाही जामा मस्जिद भारतीय पुरातत्व विभाग के अंतर्गत एक संरक्षित इमारत है. इसलिए उसकी रंगाई पुताई के मामले में निर्णय भारतीय पुरातत्व विभाग ही ले सकता है. बता दें कि संभल में शाही जामा मस्जिद के सर्वे के दौरान 24 नवंबर 2024 को हुई हिंसा में 4 लोगों की मौत हो गई थी और करीब 28 पुलिसकर्मी घायल हो गए थे. इस हिंसा के बाद से पुलिस लगातार एक्शन मोड में है. एक–एक कर दंगाईयों को गिरफ्तार किया जा रहा है. संभल हिंसा के मामले में पुलिस अब तक 79 से ज्यादा लोगों को गिरफ्तार कर चुकी है. पुलिस कोर्ट में 124 से अधिक आरोपियों के खिलाफ चार्जशीट भी दाखिल कर चुकी है.

## यूपी में फिर लौटेगी सर्दी! मौसम विभाग ने जारी किया बारिश का अलर्ट, इन जिलों में जमकर बरसेंगे बदरा



उत्तर प्रदेश में इन दिनों मौसम बदला हुआ दिखाई दे रहा है. कभी ठंडी हवाओं की वजह से सर्द महसूस हो रही है तो कभी दिन के समय तेज धूप की वजह से गर्मी बढ़ती दिखाई दे रही है. यूपी में भले ही इन दिनों ठंड जाती हुई दिख रही हैं लेकिन, मौसम विभाग ने कुछ और ही अलर्ट जारी किया है. प्रदेश में जल्द ही एक बार फिर से मौसम करवट बदलने वाला है. 27 फरवरी से पश्चिमी विक्षोभ के चलते बारिश का सिलसिला शुरू हो सकता है जो मार्च के पहले सप्ताह तक चलेगा. मौसम विभाग के मुताबिक सोमवार को मौसम शुष्क रहने की संभावना है. दिन के समय धूप निकलेगी लेकिन सुबह और शाम हल्का कोहरा छाया रह सकता है. 26 फरवरी तक ऐसा ही मौसम रहने का अनुमान लगाया गया है. इसके बाद प्रदेश में मौसम करवट बदलेगा. 27 फरवरी को पश्चिमी यूपी में कहीं–कहीं गरज–चमक के साथ बारिश की संभावना है. 28 फरवरी को पश्चिमी और पूर्वी उत्तर प्रदेश के कई हिस्सों में बारिश हो सकती है. बारिश का ये सिलसिला मार्च महीने की शुरुआत में भी जारी रहेगा. इस दौरान नोएडा, गाजियाबाद, मेरठ, बागपत, मुजफ्फरनगर, शामली, सहारनपुर, बिजनौर, अमरोहा, हापुड़ और मुरादाबाद में बारिश हो सकती है. जबकि सीतापुर, बहराइच, श्रावस्ती, बलरामपुर, फर्रुखाबाद, बरेली, बदायूं, रामपुर, कासगंज, एटा, हाथरस, अलीगढ़, मथुरा और संभल जनपद में भी बारिश का अलर्ट जारी किया गया है. यूपी में अगले पांच दिन पश्चिमी यूपी में अधिकतम तापमान में धीरे–धीरे 2.0 डिग्री सेल्सियस बढ़ोतरी हो सकती है जबकि पूर्वी यूपी के तापमान में कोई खास बदलाव नहीं आएगा. प्रदेश में इस समय अधिकतम तापमान 24 डिग्री से लेकर 31 डिग्री सेल्सियस के बीच बना हुआ है. पिछले 24 घंटों में सबसे ज्यादा अधिकतम तापमान वाराणसी में 31.3 दर्ज किया गया और सर्वाधिक न्यूनतम तापमान बुलंदशहर 10.0 डिग्री सेल्सियस रहा है.

## यूपी विधानसभा में ब्रजेश पाठक ने मुलायम सिंह यादव पर



यूपी विधानसभा में बजट सत्र की कार्यवाही चल रही है और 5वें दिन सदन में बजट पर हो रही चर्चा के दौरान उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक की एक टिप्पणी पर हंगामा हो गया. उनके इस बयान पर समाजवादी पार्टी के विधायक डिप्टी सीएम के खिलाफ नारेबाजी करने लगे, इसके साथ ही सपा विधायक सदन में धरने पर बैठ गए.यूपी सदन में भारी हंगामा और डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक के खिलाफ नारों की भाषा पर बीजेपी सदस्य भी खड़े हो गए. वहीं विधानसभा अध्यक्ष ने सपा सदस्यों को बाहर जाने को कहा. सपा विधायक समरपाल सिंह के पूछे सवालों के जवाब देते हुए डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने सपा संरक्षक मुलायम सिंह यादव के द्वारा अतीत पर की गई एक टिप्पणी का उल्लेख सदन में किया. वहीं डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक की इस बात से नाराज सपा विधायकों ने सदन में हंगामा किया और प्रश्न काल के दौरान वह लगातार नारेबाजी करते रहे. सपा विधायकों डिप्टी सीएम की माफी पर अड़े रहे. इधर विधानसभा में हंगामा बढ़ता देख विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने सदन दो बजे तक स्थगित कर दिया. सदन में हुए हंगामे पर डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने कहा हंगामा खड़ा करना उनका काम है, मैं सदन में सबका सम्मान करता हूँ और चाहता हूँ सदन चले. लड़कों से गलती हो जाती है वाले बयान पर हंगामा दरअसल सपा विधायक समरपाल सिंह के एक सवाल पर डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने पूछा– नेताजी (मुलायम सिंह) का सम्मान तो बहुत किया. सपा वाले नेताजी की हर बात मानते हो, क्या वह बात भी मानेंगे. लड़कों से गलती हो जाती है. इसके बाद विधानसभा में सपा विधायकों ने जोरदार हंगामा किया. सतीश महाना ने मामले को शांत कराने की कोशिश की और कहा कि हर बात को निगेटिव मत लीजिए.इस दौरान नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पांडेय खड़े हो गए. उन्होंने कहा–नेता जी सम्मानित व्यक्ति रहे हैं. उनके लिए इस तरह की बात नहीं की जानी चाहिए. मंत्री जी ने जानबूझकर ऐसा बोला कि विवाद हो जाए. इसके बाद वित्तमंत्री सुरेश खन्ना ने मोर्चा संभाला. उन्होंने कहा कि सदन में किसी का नाम नहीं लिया गया. मुलायम सिंह सबके आदरणीय नेता हैं, किसी का नाम नहीं लिया गया है.

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में उद्योग बन्धु की बैठक संपन्न

## अधिकारी उद्यमियों की शिकायतों व समस्याओं के प्रति संवेदनशील रहते हुए समयबद्धता से उनका कराएं निराकरण



अलीगढ़ जिलाधिकारी संजीव रंजन की अध्यक्षता में कलैक्ट्रेट सभागार में जिला स्तरीय उद्योग बन्धु बैठक का आयोजन किया गया। डीएम ने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप अधिकारी उद्यमियों की शिकायतों व समस्याओं के प्रति संवेदनशील रहते हुए समयबद्धता से उनका निराकरण कराएं। उन्होंने नई इकाईयों की स्थापना एवं संचालित इकाईयों के विस्तारीकरण के लिए सरकार द्वारा संचालित लाभार्थीपरक योजनाओं का नियमानुसार लाभ देने के भी निर्देश दिए।समीक्षा बैठक के दौरान तालानगरी में 132 केबीए उपकेंद्र की स्थापना के संबंध में जिलाधिकारी ने तालानगरी के निकट किड़ारा ग्राम में भूमि उपलब्धता के संबंध में उद्यमियों और विद्युत विभाग को संयुक्त रूप से स्थलीय निरीक्षण करने के निर्देश दिए। दाउद खॉ टर्मिनल को आगरा हाइवे से जोड़ने के लिए लो.निवि एवं एडीए को संयुक्त रूप से प्रस्तावित मार्ग का स्थलीय निरीक्षण कर प्रस्ताव प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। आईटीआई रोड पर क्षतिग्रस्त सड़क के मरम्मत कार्य के संबंध में नगर निगम द्वारा बताया गया कि नाला निर्माण कार्य के चलते सड़क निर्माण नहीं हो पा रहा है जल्द ही सड़क निर्माण कार्य भी आरम्भ कराया जाएगा। क्वार्सी चौराहे से तालानगरी तक रोड साइड स्ट्रीट लाइट के सुचारू रूप से संचालन के लिए नगर निगम को अपेक्षित कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए। तालानगरी तिराहे पर रेड लाइट स्थापना के संबंध में एडीए द्वारा बताया गया कि टेण्डर प्रक्रिया पूर्ण हो गई है जल्द ही कार्य आरम्भ कराया जाएगा। तालानगरी में जर्जर विद्युत पोल व विद्युत लाइन की शिकायत निस्तारण के लिए जिलाधिकारी ने विद्युत विभाग को औद्योगिक क्षेत्र का स्थलीय निरीक्षण कर समुचित कार्यवाही करने के निर्देश दिए।निवेश मित्र पोर्टल की समीक्षा में संयुक्त आयुक्त उद्योग बीरेन्द्र कुमार ने बताया कि विगत माह में जिलास्तर पर 356 आवेदन प्राप्त हुए जिनमें जिलास्तर पर कोई भी प्रकरण समय–सीमा के उपरांत लंबित नहीं है और न ही किसी विभाग द्वारा किसी प्रकरण को समय–सीमा के उपरींत निरस्त किया गया है। निवेश सारथी पोर्टल पर कोई नया प्रकरण प्राप्त नहीं हुआ है। आईटीआई रोड स्थित औद्योगिक आस्थान में समुचित साफ–सफाई एवं कूड़ा उठान न होने की शिकायत पर डीएम ने नगर निगम को आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए। बैठक में उद्यमी नेकराम शर्मा, चन्द्रशेखर शर्मा, मो0 इब्राहीम, लल्लू सिंह, कमल गुप्ता, डी0के0 अग्रवाल, उपेन्द्र पाण्डेय, गणेश चौधरी समेत संबंधित विभागीय अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# उ०प्र० राज्य कर्मचारी महासंघ जनपद .शाखा अलीगढ़ का वार्षिक सम्मेलन



उ०प्र० राज्य कर्मचारी महासंघ जनपद शाखा अलीगढ़ का वार्षिक सम्मेलन दिनांक 24.02.2025 दिन सोमवार दोपहर 1रू00 बजे से राजकीय कृषि एवं औद्योगिक प्रदर्शनी, अलीगढ़ में मुक्ताकाश मंच पर विधिवत एवं सरस्वती वन्दना से मुख्य अतिथि श्री प्रखर कुमार सिंह, मुख्य विकास अधिकारी एवं समस्त विशिष्ट अतिथियों द्वारा शुभारम्भ किया गया।सम्मेलन की अध्यक्षता राज्य कर्मचारी महासंघ अध्यक्ष श्री सुरेन्द्र चौधरी द्वारा की गयी एवं सम्मेलन कार्यक्रम का संचालन श्री विमल कुमार, फैडेशन ऑफ मिनि० सर्विस एसोसिएसन के जनपद अध्यक्ष द्वारा किया गया।सम्मेलन हेतु प्रशासन द्वारा दिये गये समय अभाव के कारण स्थानीय, विभागीय पदाधिकारियों के विचार व्यक्त नहीं हो सके। समस्त विभागीय समस्याओं को संकलित कर, श्री कु० हीरेश शरन सक्सेना प्रान्तीय अध्यक्ष फेडेशन ऑफ मिनि० सिर्विस एसोसिएशन लखनऊ, श्री कृतार्थ सिंह प्रान्तीय महामत्री फेडेशन ऑफ मिनि० सिर्विस एसोसिएशन लखनऊ, प्रान्तीय महामंत्री श्री राजेश कुमार सिंह उ०प्र० राज्य कर्मचारी महासंघ एवं प्रान्तीय महामंत्री श्री गोर्वधन सिंह मि०एसा.०ईरीं०डि० उ०प्र० लखनऊ, द्वारिका प्रसाद प्राण्डेय, प्रान्तीय महामंत्री चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी महासंघ उ०प्र० लखनऊ के पीतम सिंह प्रान्तीय अध्यक्ष मेठ संघ सिंचाई विभाग, श्री सुखवीर सिह, प्रान्तीय उपाध्यक्ष द्वितीय मि०एसो० ईरी० डि० लखनऊ श्री रामेन्द्र कुमार, प्रान्तीय कोषाध्यक्ष मि०एस० लखनऊ, श्रीमती सुषमा कुरील प्रान्तीय अध्यक्ष आंगनवाडी के समक्ष श्री के०एस० शर्मा, श्री भीम प्रकाश गोतम, श्री हेमेन्द्र प्रताप सिंह, श्री मुकेश नगाईच, श्री पंकज शर्मा, श्री प्रवीन कौशिक, श्री डी०पी० सिंह एवं श्रीमती कमलेश चौहान जिलाध्यक्ष एवं श्रीमती यज्ञवती देवी शहर अध्यक्ष आगनबाडी संघ के द्वारा अपने अपने सम्वर्ग की समस्याओं को रखा गया, जिसमें मुख्य रूप से पुरानी पेंशन की व्यवस्था को बहाल करायें मिनि० सम्वर्ग के सभी रिक्त पदों पर प्रमोशन किये जायें तथा ऑन लाईन पदस्थापना में कर्मचारी की पारिवारिक समस्याओं को ध्यान रखते हुये जनपद में ही पदस्थापना की जाये एवं चतुर्थ श्रेणी के रिक्त पदोंये जो इस परिधी में आते है। कोविड काल में कर्मचारियों के फ्रीज किये गये भत्तों एवं डी०ए० को बहाल करते हुये भुगतान पर नियुक्यिों को बहाल किया जाये एवं मिनि० सम्वर्ग के ग्रेड पे रू0 4600.00 को निष्क्रिय करते हुये ग्रेड पे रू0 4800.00 का शासनादेश जारी किया जाये तथा समान रूप से उन सभी सम्वर्गों में लागू किया जा किया जाये। सरकारी विभागों में संविदा एवं मानदेय पर कार्य कर रहे कर्मचारियों जैसे कि मनरेगा कार्मिक, ऑगनवाडी, सहायिका, रसोईया, आशा बहनें, पीआडी जवान, सहायक सोसल ऑडिट कर्मचारियों को नियमित किया जाये, नियमित न होने तक उनको रू0 18,000.00 का मासिक मानदेय दिया जाये। आउट सोर्सिग व्यवस्था समाप्त की जाये तथा निजीकरण की व्यवस्था को भी समाप्त किया जाये एवं सफाई कर्मचारियों की नियमावली बनायी जाये तथा उनको प्रमा.शन में लिपिकीय वर्ग की निति बनायी जाये। मेठो का ग्रेड पे न्यूनतम रू० 1900.00 लागू किया जाये। इसके साथ ही सयुक्त संघर्ष संचालन समिति (एस–4) का पाँच सूत्री माँग का ज्ञापन जिलाधिकारीध्कमिश्नर के माध्यम से मुख्य मंत्री उ०प्र० सरकार एवं उ०प्र० शासन मा० राज्यपाल महोदया को सम्बोधित प्रेषित किया गया।उपरोक्त समस्याओं के सम्बन्ध में शासन स्तर पर चल रही वार्ता एवं सरकार द्वारा दिये गये आस्वाशन एवं दिशा निर्देश से श्री राजेश कुमार प्रान्तीय महामंत्री उ०प्र०, राज्य कर्मचारी महासंघ ने विस्तार से कर्मचारियों को अवगत कराये हुये कहा कि कर्मचारियों एक जुट होकर संघर्ष के लिये तैयार रहना होगा। आगामी दिनांक 11–04–2025 को पुरानी पेंशन बहाली एवं अन्य मांगो हेतु जन्तर मन्तर पर (संसद भवन के समक्ष) घिराब के कार्यक्रम को शत प्रतिशत सफल बनाने की अपील की गयी।श्री कृतार्थ सिंह प्रान्तीय महामत्री फेडेशन ऑफ मिनि० सिर्विस एसोसिएशन लखनऊ द्वारा अपने विचार प्रकट करते हुये आगामी संघर्ष के लिये तैयार रहने के लिये सचेत किया गया, श्री गोर्बधन सिंह प्रान्तीय महामंत्री, मिनि०एसा.०इर्रि०डि०उ०प्र०, लखनऊ के द्वारा कर्मचारी संघर्षों के लिये विशेष एवं सजग एवं एकजुट रहते हुये संघर्ष करने की अपील की गयी। श्री द्वारिका प्रसाद पाण्डेय के द्वारा भी चुनावी वर्ष मेंः आगामी चुनावी वर्ष में सरकार के विरूद्ध संघर्ष करने की अपील की गयी। श्री कु० हीरेश सरन सक्सेना, प्रान्तीय अध्यक्ष फैडेशन ऑफ मिनि० सर्विस एसों० लखनऊ, श्री उमेश भारती, प्रान्तीय अध्यक्ष पंचायत राज्य कर्मचारी संघ उ०प्र० लखनऊ, श्री सुखवीर सिंह, पान्तीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष, श्री के०एस०शर्मा संरक्षक राज्य कर्मचारी महासंघ अलीगढ़ द्वारा संगठन को मजबूत करने हेतु अपने विचार व्यक्त किये गये।श्री हीरेश सरन सक्सैना के संघ पत्रांक 40६ दिनांक 13.02.2025 के द्वारा श्री पुष्पराज विशेष सचिव के को उनके पत्र संख्या–वे.०आ०–2–78ध्दस–2025 दिनांक 11 फरवरी 2025 द्वारा उ०प्र० फेडरेशन ऑफ मिनिस्टीरियल सर्विस एसोसिएशन से यह अपेक्षा की गयी है कि दिनांक–14.02.2025 तक 8वें केन्द्रीय वेतन आयोग के गठन के परिप्रेक्ष्य में महत्वपूर्ण सुझाव ६ प्रस्ताव उपलब्ध कराने की वॉछना की गयी है के क्रम में कु० हिरेश सरन सेक्सैना के द्वारा निम्न तालिका के अनुसार प्रस्ताव एवं सुझाव शासन को उपलब्ध कराये

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक संपन्न

अलीगढ़ 24 फरवरी 2025 (सू0वि0)रू जिलाधिकारी संजीव रंजन की अध्यक्षता में कलैक्ट्रेट सभागार में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि एनएचएआई, परिवहन, पुलिस एवं संबंधित विभाग आपसी समन्वय से जिले में सड़क दुर्घटनाओं को न्यून करने के लिए आपसी समन्वय से समेकित रूप से कार्य करना सुनिश्चित करें। प्रायः देखने में आता है कि विभागीय अधिकारी उत्तरदायित्व निर्धारण से कतराते हैं, जिस विभाग की जो जिम्मेदारी है वह पूरी ईमानदारी से उसका निर्वहन करे। डीएम ने पुलिस विभाग को सचेत करते हुए कहा कि ऑनलाइन चालान प्रक्रिया के उपरांत सभी पुलिस वाले फोटोग्राफर बन गए हैं, जागरूकता अभियान की ओर किसी का ध्यान नहीं है। उन्होंने चालान की कार्यवाही के साथ ही जागरूकता अभियान चलाने के भी निर्देश दिए।डीएम ने समीक्षा के दौरान सारसौल चौराहे से परिवाहन निगम की बसों को बस अड्डे के भीतर से ही संचालित कराने के निर्देश दिए ताकि आमजन को सुगम यातायात मुहैया हो सके। राष्ट्रीय राजमार्गों पर अवैध कट बंद कराने के संबंध में एनएचएआई द्वारा बताया गया कि 04 अवैध कट को बंद करा दिया गया है अवशेष कट को बंद कराने का कार्य एक सप्ताह में पूर्ण कर लिया जाएगा। जिले में चिन्हित ब्लैक स्पॉट पर सुधारात्मक कार्यों के संबंध में अधिशासी अभियंता पीडब्लूडी योगेश कुमार ने बताया कि तैवथू व सिंहौर बम्बा पर कार्य प्रगति पर है, रामघाट रोड स्थित बीयर फैक्ट्री व औरेनी दलपतपुर के लिए अभी स्वीकृति नहीं हुई है जबकि गनेशपुर तिराहे के लिए स्वीकृति हो गई है मार्च तक कार्य पूर्ण हो जाएगा। बौनेर तिराहा पर होर्डिंग के संबंध में बताया गया कि माह मार्च तक अनुबंध है उसके उपरांत हट जाएगा। गौमत चौराहे, अण्डला व अर्राना में सुधारात्मक कार्य करा दिए गए हैं जबकि जट्टारी में बाईपास निर्माण के लिए शासन को प्रस्ताव भेजा गया है।जिलाधिकारी ने सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए हाईवे या मुख्य मार्ग पर मिलने वाली सड़कों पर झाड़ी कटान, रंबल स्ट्रिप के साथ ही अन्य सुधारात्मक कार्य कराने के साथ ही ग्रामों में समुचित स्थानों पर सड़क सुरक्षा के लिए वॉल राइटिंग कराने के निर्देश दिए। उन्होंने पेट्रोल पम्पों पर नो हैलमेट–नो पेट्रोल का अनुपालन सुनिश्चित कराने के लिए डीएसओ को पत्र प्रेषित कराने के भी निदेश दिए। समुचित पेट्रोलिंग न होने के कारण पार्किंग वाहनों के कारण हो रही सड़क दुर्घटनाओं पर जिलाधिकारी ने नाराजगी प्रकट करते हुए एनएचएआई को पेट्रोलिंग बढ़ाने और अवैध रूप से वाहन खड़ा करने वालों की सूचना तत्काल आरटीओ को उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। शहर में पार्किंग व्यवस्था न होने वाले स्कूल, मैरिज होम एवं हास्पीटल के विरूद्ध एडीए के माध्यम से पत्र प्रेषित कराने के निर्देश दिए। जिले में विक्रय हो रहे अधोमानक हैलमेट के संबंध में जिलाधिकारी ने विक्रय एजेंसी का पता लगाने एवं दुपहिया वाहनों के विक्रय के साथ हैलमेट विक्रय सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। उन्होंने आरटीओ को निर्देशित किया कि सभी विभागाध्यक्षों को इस आशय का पत्र प्रेषित किया जाए कि सभी शासकीय कर्मी कार्यालयों में दुपहिया वाहन से आवागमन के समय हैलमेट का उपयोग अनिवार्य रूप से करें।जिला विद्यालय यान परिवहन सुरक्षा समिति की बैठक में बताया गया कि जिले में संचालित 70 स्कूली वाहनों की फिटनेस नहीं है जस पर डीएम ने सभी वाहन स्वामियों को नोटिस जारी कर सभी वाहनों की फिटनेस सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। उन्होंने डीआईओएस को निर्देशित किया कि सभी विद्यालयों में 18 वर्ष से कम आयुवर्ग वाले छात्र–छात्राओं को दुपहिया वाहनों से प्रवेश को प्रतिबंधित कराया जाए और विद्यालयों में सड़क सुरक्षा के संबंध में व्यापक प्रचार–प्रसार किया जाए। उन्होंने ओएलएफ समेत सभी विद्यालयों में संचालित निजी वाहनों का आरटीओ के माध्यम से अनुबंध कराने के भी निर्देश दिए।बैठक में सीडीओ प्रखर कुमार सिंह, सीएमओ डा0 नीरज त्यागी, आटीओ प्रवर्तन वंदना सिंह, एआरटीओ प्रवेश कुमार समेत संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# भारतीय हलदर किसान यूनियन के जिला अध्यक्ष अलीगढ़ द्वारा किया गया पत्रकार वार्ता का आयोजन

अमित भारद्वाज अध्यक्ष भारतीय हलधर किसान यूनियन के द्वारा एक प्रेस कांफ्रेंस आहूत की गयी जिसमे हरदुआगंज (अलीगढ़) के दो मृतक किसानों के परिवारों से तहसील कर्मी द्वारा किसान दुर्घटना योजना के अंतर्गत मृतकों के परिवारों को योजना का लाभ दिलाने के लिए ५०–५० हजार रूपये घूस लिए जाने का खुलासा किया, अमित भारद्वाज ने बताया कि धर्मेन्द्र पुत्र श्री महेंद्र सिंह की एक दुर्घटना में २६ अप्रैल २०२४ मृत्यु हो गयी थी व पप्पू पुत्र श्री छिदू सिंह की भी एक दुर्घटना में ३१ अप्रैल २०२४ मृयु हो गयी थी मृतकों के परिवारीजनों को किसी ने जानकारी दी कि आपको किसान दुर्घटना कल्याण योजना के अंतर्गत ५ लाख रूपये का लाभ मिल सकता है तो मृतकों के पुत्रों ने मृत्यु के एक माह के अंतर्गत योजना का लाभ लेने के लिए आवेदन करवा दिया इसके उपरान्त प्रतीक्षा करते रहे कि कब लाभ मिलेगा जब सम्बन्धित विभाग से कोई सूचना नहीं आई तो मृतकों के पुत्रों ने सम्बन्धित कार्यालय में जाकर पता किया तो कोई संतोषजनक उत्तर नहीं मिला तो परिवारीजनों ने सोचा कि अब लाभ नहीं मिलेगा एक दिन अचानक तकरीबन १५–२० दिन पूर्व तहसील स्थित आर के कार्यालय से विशम्बर (8923546794) नामक कर्मचारी का फोन आकाश (7088806487) पुत्र पप्पू पर आया और आवेदन के बारे बतायाकिसान दुर्घटना कल्याण योजना के अंतर्गत जो आपने आवेदन किया था उसकी फाइल हमारे पास आ गयी है और कार्यालय आकर मिलो कुछ दस्तावेज अपूर्ण है उनको पूर्ण करवा दी लेकिन आकाश पुत्र पप्पू अपने पारिवारिक परेशानियों के कारण उस दिन नहीं जा सका फोन आने के २–३ दिन बाद आकाश उपरोक्त कर्मचारी जाकर मिला जब विशम्बर नामक कर्मचारी इधर उधर की बात करने बाद बताया कि आपका काम हो जायेगा एक फाइल का रूपये ५००००ध्– पचास हजार लगेगा और यह बात किसी को मत बोलना मैं आप दोनों की रूपये ५–५ लाख का लाभदिलवा दूंगा, आकश किसी भी तरह एक लाख इंतजाम करके ले गया और उपरोक्त कर्मचारी को दे दिए इसके कुछ दिन बाद से और रूपये की मांग करता रहा आकाश ने जब विरोध किया तो कर्मचारी ने कहा कि अब काम नहीं होगा जो करना है कर लो फिर एक दिन उपरोक्त कर्मी ने मृतकों घर एक अन्य व्यक्ति को भेजकर रूपये मांग करवाई इस व्यवहार से आकाश परेशान हो गया तब आकाश ने २१ फरवरी को अपने मित्र रंजीत चौधरी को पूरी घटना के बारे बताया क्योकि रंजीत चौधरी भारतीय हलधर किसान यूनियन में कार्यकर्ता है उन्होंने तत्काल अपने जिला अध्यक्ष अमित भारद्वाज को फोन करके पूरे प्रकरण के बारे में रूबरू कराया कि मृतक किसानों के पुत्र से तहसील कर्मी द्वारा घूस ली जा रही है यह सुनते ही जिला अध्यक्ष अमित भारद्वाज अपने अन्य कार्यकर्ताओं के साथ आर के कार्यालय स्थित तहसील कोल पहुँच गए और बिशम्बर नामक सरकारी कर्मचारी से घूस के सम्बन्ध में बात की तो वह धमकाने लगा कि काम करवाना है तो घूस तो देनी ही पड़ेगी नहीं तो फाइल लंबित ही रहेगी जो करना है कर लो जब अमित भारद्वाज ने अपना परिचय दिया तो उक्त कर्मचारी ने घूस में लिए गये रुपयों को स्वीकार कर लिया और लिए गये रूपये बापस कर दिए जिसकी विडियो संलग्न है आज की प्रेस कांफ्रेंस में श्री सोनू सविता जी (प्रदेश उपाध्यक्ष), श्री गोख दुवे जी (जिला (ला अध्यक्ष व्यापार प्रकोष्ठ) श्री मानसिंह तोमर तोमर जी (जिला–अध्यक्ष सैनिक प्रकोष्ठ), को श्री कौशल सेंगर जी (जिला उपाध्यक्ष) श्री रंजीत चौधरी जी (कार श्री पुनीत शर्मा जी (कार्यकले) जिला अध्यक्ष मजदूर प्रकोष्ठ (जिला महासचिव) श्री आकाश जी (पीड़ित कार्यकटी)

## लोकमाता देवी अहिल्याबाई होल्कर के त्रिशताब्दी वर्ष जयंती के उपलक्ष में हरिगढ़ महानगर लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर समिति द्वारा पुरूस्कार वितरण एवं सम्मान समारोह का आयोजन

23 फरवरी, रविवार को सुबह १० बजे राजकीय औद्योगिक एवं कृषि प्रदर्शनी के कोहिनूर मंच पर आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलकर इंदौर के महाराजा उदय सिंह राजे होलकर, प्रांत प्रचारक धर्मेंद्र कुमार, कार्यक्रम अध्यक्ष जवाहरलाल बघेल, विशिष्ठ अतिथि श्रीमती गौरी सिंह युवराज टाटा मोटर्स, प्रणव कुमार शर्मा वशिष्ठ एचपी फिलिंग स्टेशन, सचिन पहलवान भारत केसरी द्वारा संयुक्त रूप से किया गया । कार्यक्रम में इंदौर से आए होलकर वंशज महाराज उदय सिंह राजे ने कहा माता अहिल्याबाई को लोकमाता इसलिए कहा जाता है कि उन्होंने राज्य को प्राथमिकता न देकर संपूर्ण राष्ट्र का विकास किया और उन्होंने संपूर्ण भारत में मंदिर एवं धर्मशालाओं का निर्माण कराया था साथ ही रोजगार के लिए महेश्वर इंदौर में वस्त्र उद्योग का प्रारंभ भी किया जो आज भी कार्यरत है जो संपूर्ण समाज को रोजगार दे रहा है। देवी अहिल्याबाई ने महिलाओं की सेना का भी निर्माण किया था। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में आगरा से आए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ब्रज प्रांत प्रचारक धर्मेंद्र कुमार ने कहा मुख्यतः भारत नारी प्रधान देश है सभी को उसका अध्ययन करना चाहिए हमारे भगवान शिव के साथ पार्वती हैं तो वहीं प्रभु श्री राम के साथ माता सीता हैं । इस तरह माता अहिल्याबाई ने अपने शासनकाल बहुत ही अच्छी तरह से संचालित किया।लोक माता अहिल्याबाई ने वृंदावन में धर्मशाला और घाटों का निर्माण किया, काशी विश्वनाथ के साथ सोमनाथ के मंदिर का भी जीर्णोद्धार कराया था । हरिगढ़ महानगर समिति द्वारा कराई गई प्रतियोगिता से निश्चित ही बच्चों का ज्ञानवर्धन होगा और माता अहिल्याबाई के चरित्र को भी जीवन में उतारने का अवसर मिलेगा । कार्यक्रम संचालन डॉक्टर नीलिमा जोशी, डॉ निशा शर्मा द्वारा किया गया उन्होंने बताया छात्राओं के बीच में प्रश्नोत्तरी, निबंध एवं भाषण प्रतियोगिता हुए जिसमें 2 महाविद्यालय, 15 इंटर कॉलेज, 33 जूनियर हाईस्कूल के 1900 बच्चों ने भाग लिया है । जिसमें 536 छात्रा–छात्राओं को पुरस्कार दिया गया है।कार्यक्रम के अंत में अध्यक्ष जवाहरलाल बघेल द्वारा सभी को धन्यवाद ज्ञापित किया गया । कार्यक्रम में समिति के संयोजक हुकम सिंह, कविता ठाकुर, बिंदु शर्मा, कप्तान सिंह, ललित कुमार, रोली अग्रवाल, ललिता वर्मा, ए.के.पाल, गिरीश धनगर, भूपेश बघेल, रामू धनगर, विभाग प्रचारक गोविंद कुमार, विभाग सह संघचालक ललित कुमार, विभाग कार्यवाह, योगेश आर्य, महानगर संघचालक अजय कुमार, महानगर प्रचारक विक्रांत कुमार, कार्यवाह रतन कुमार मित्र, सांसद सतीश गौतम, एमएलसी डॉक्टर मानवेंद्र प्रताप सिंह, महापौर प्रशांत सिंहल, जिला अध्यक्ष भाजपा कृष्णपाल सिंह लाल, महानगर अध्यक्ष भाजपा इंजीनियर राजीव शर्मा, अनीता जैन, सावित्री वार्ष्णेय आदि मौजूद रहे।

# 22 मिनट में तीन सवारी लेकर गुजरे 29 दोपहिया वाहन

## 23 फरवरी को पूरे दिन एक–एक दोपहिया वाहन तीन से चार लोग धड़ल्ले से फर्राटा भरते दिखाई दिए

हाथरस में वाहन पर तीन और चार सवारी चल रही हैं। इन्हें देखकर पुलिस भी आंख बंद किए है, न तो रोक रही है और न ही कार्रवाई ही कर रही है। इसी तरह से एक बाइक पर तीन छात्रा और एक चालक के साथ हादसा हुआ और चारों की जान चली गई।हाथरस में 22 फरवरी को एक दो पहिया वाहन पर सवार तीन छात्राओं सहित कुल चार लोगों की मौत के बाद भी लोग लापरवाही से बाज नहीं आ रहे। वहीं, पुलिस की ओर से न इनको टोका जा रहा है, न रोका जा रहा है। 23 फरवरी को पूरे दिन एक–एक दोपहिया वाहन तीन से चार लोग धड़ल्ले से फर्राटा भरते दिखाई दिए। दोपहर करीब एक बज कर दस मिनट पर अलीगढ़–आगरा रोड पर 22 मिनट में तीन व चार सवारियां लेकर चलने वाले कुल 29 दोपहिया वाहन दिखाई दिए। इनमें से एक भी रोका नहीं गया।22 फरवरी की घटना के बाद 23 फरवरी को भी शहर के प्रमुख मार्गों पर दो पहिया वाहन चालक तीन व चार सवारियां लेकर दौड़ते दिखाई दिए। चार लोगों की मौत के बाद भी पुलिस पर



इसका कोई असर होता दिखाई नहीं दिया। शहर के चौराहों पर पुलिस की आंखों के सामने लोग तीन व चार सवारियां लेकर आते–जाते रहे। इनको रोकने के लिए कोई पुलिसकर्मी आगे आता दिखाई नहीं दिया।सीट बेल्ट, बिना हेलमेट, दोपहिया में तीन या चार सवारी लेकर चलने वालों पर सबसे अधिक कार्रवाई की गई है। एक माह में औसतन करीब साढ़े चार हजार वाहनों पर कार्रवाई की जा रही है। वाहन चालकों और उसमें सवार होने वाले लोगों को भी सफर को गंभीरता से लेना चाहिए।–सुभाष यादव, टीएसआई, हा. थरस।यातायात पुलिस की ओर से एक जनवरी से 22 फरवरी के बीच करीब छह हजार वाहनों के चालान काटे जाने का दावा किया गया है। इसमें सबसे अधिक चालान हेलमेट व सीट बेल्ट को लेकर काटे गए हैं।आरटीओ ने काटे 3,179 वाहनों के चालान बिना हेलमेट 1470 वाहन–बिना सीटबेल्ट 480 वाहन–तीन सवारी 648 वाहन–मोबाइल पर बात 175 वाहन–शराब पीकर 12 वाहन–गलत पार्किंग 128 वाहन–ओवर स्पीड 116 वाहन–मोडीफाइड 18 वाहन–अवैध ई–रिक्शा 28 वाहन–अवैध सवारी भरने वाले 72 वाहन–अवैध संचालन पर सीज 32 वाहन

# कांवड़ यात्रा शुरू, सेवा में जुटे शिविर संचालक, फल–जूस के साथ दे रहे व्यंजन

मथुरा–बरेली राजमार्ग पर कासगंज व मथुरा की ओर शिविर लगाए जाने लगे हैं। 23 फरवरी सुबह से सड़कों पर कांवड़ियों की संख्या बढ़ गई। कई समाजसेवी संगठनों के कार्यकर्ताओं की ओर से पूरे दिन शिविर लगाए जाने का काम किया गया।महाशिवरात्रि का पर्व दो दिन बाद मनाया जाएगा। मथुरा–बरेली राजमार्ग पर कांवड़ियों का आवागमन होना शुरू हो गया है। 23 फरवरी से सड़कों पर कांवड़ियों की आवाजाही होने लगी। उनकी सेवा के शिविर भी शुरू हो गए हैं। मथुरा–बरेली राजमार्ग पर कासगंज व मथुरा की ओर शिविर लगाए जाने लगे हैं। 23 फरवरी सुबह से सड़कों पर कांवड़ियों की संख्या बढ़ गई। कई समाजसेवी संगठनों के कार्यकर्ताओं की ओर से पूरे दिन शिविर लगाए जाने का काम किया गया। इन शिविरों में कार्यकर्ताओं द्वारा हर मुमकिन सुविधा दिए जाने की कोशिश की जा रही है। शिविर में खाने पीने की वस्तुओं के साथ रजाई गद्दे भी लगाए जा रहे हैं। कई शिविरों में तो नहाने की भी सुविधा दी जा रही है। जहां गर्म पानी भी मुहैया कराया जाएगा। चिकित्सीय सुविधा भी देने की कोशिशसमाजसेवी संगठनों की ओर से शिविरों में दर्द की



सामान्य दवाओं को रखा जा रहा है। चिकित्सकों को भी उपचार के लिए तैयार रहने के लिए कहा गया है। कांवड़ सेवा के लिए सोशल मीडिया पर समूह बनाए गए हैं। इनके माध्यम से सेवादारों को आमंत्रण दिया जा रहा है। सेवादारों को समूह के माध्यम से समय–समय पर बुलाया जाएगा, ताकि शिविरों में आराम कर सकें।स्वयं सेवक और एनसीसी कैडेट भी लगेअधिकारियों के साथ ही कांवड़ यात्रा के लिए संघ के स्वयं सेवक व एनसीसी कैडेट को ड्यूटी पर लगाया गया है। थाना हाथरस गेट पर अधिकारीगण द्वारा कांवड़ यात्रा ड्यूटी में लगे लोगों को आवश्यक निर्देश दिए गए। आमजन से अपील कांवड़ यात्रा से लगभग 2–3 फुट की दूरी बनाकर धीमी गति से चलें।खाने पीने के स्टाल पर साफ–सफाई का विशेष ध्यान रखें। विश्राम स्थलों के आस–पास रोशनी का इंतजाम करें। कार, ट्रक, डंपर जैसे बड़े वाहन धीमी गति से ही चलाएं। सोशल मीडिया के जरिए कांवड़ियों की सेवा के लिए सेवादारों को तैयार किया है। जितने सेवादार जिस समय आवश्यक होंगे, सेवा के लिए मौजूद रहेंगे।–वैभव अग्रवाल कांवडियों की सेवा से बड़ी कोई सेवा नहीं है। हमारे गांव का समूह शिविर लगा है। यहां पर पानी, जूस, खाद्य पदार्थ के साथ कांवड़ियों की सेवा का इंतजाम किया गया है।

# हाथरस में यूपी बोर्ड की परीक्षाएं आज से शुरू

हाथरस में यूपी बोर्ड की परीक्षाएं आज से शुरू हो गई हैं। परीक्षा 96 केंद्रों पर आयोजित की जा रही है। इसमें 45,000 से अधिक विद्यार्थी शामिल होंगे। सुबह की पाली में हाई स्कूल की हिंदी प्रारंभिक और इंटरमीडिएट की सैन्य विज्ञान की परीक्षा हुई।दूसरी पाली में हाईस्कूल की हेल्थ केयर और इंटरमीडिएट की हिंदी सामान्य की परीक्षा है। परीक्षा की कड़ी निगरानी की जा रही है। कलेक्ट्रेट और डीआईओएस कार्यालय में बनाए गए कंट्रोल रूम से ऑनलाइन मॉनिटरिंग की व्यवस्था की गई है। प्रत्येक केंद्र पर एक व्यवस्थापक और एक स्टेटिक मजिस्ट्रेट तैनात किए गए हैं।इसके अलावा 20 सेक्टर मजिस्ट्रेट और 4 जोनल मजिस्ट्रेट भी नियुक्त किए गए हैं। जिले में 31 केंद्रों को संवेदनशील और 17 को अति संवेदनशील घोषित किया गया है। इन केंद्रों पर विशेष सुरक्षा व्यवस्था की गई है। 10 सचल दल लगातार परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण कर रहे हैं। अधिकारी भी लगातार परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण कर रहे हैं।परीक्षा केंद्रों पर पुलिस बल की तैनाती की गई है।

# हाथरस में जाम की समस्या, तीन ओवरब्रिज बनने से मिलेगी निजात

हाथरस शहर में जाम की समस्या के निस्तारण के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाया जा रहा। शहर के बाजारों के साथ ही मुख्य मार्गों पर जाम के कारण लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। 23 फरवरी को हुए अमर उजाला संवाद में व्यापारियों ने जाम से निजात दिलाने के लिए अपने विचार रखे। उन्होंने शहर में दो और ओवरब्रिज व एक फुट ओवरब्रिज बनाए जाने की बात रखी।हाथरस से गुजरने वाले मथुरा–बरेली राजमार्ग पर बिजली कॉटन मिल व इगलास अड्डा चौराहा अब जाम से जूझ रहे हैं। यहां अक्सर वाहन जल्दबाजी में फंस जाते हैं। संवाद में मौजूद व्यापारी अनिल कुमार अग्रवाल का कहना है कि शहर में तालाब चौराहा ओवरब्रिज के बाद अब कम से कम दो और ओवरब्रिज की आवश्यकता है। सीताराम अग्रवाल का कहना था कि इगलास चौराहा अब काफी व्यस्त हो गया है, यहां ओवरब्रिज का निर्माण किया जाना चाहिए। डा. विजय अरोरा का कहना था कि बिजली कॉटन मिल चौराहे पर भी एक ओवरब्रिज बनना चाहिए, ताकि यहां जाम के झाम से निजात मिल सके। प्रदीप कुमार वर्मा ने बताया कि जाम के कारण होने वाली दिक्कतों की ओर अब जिला प्रशासन को नए स्तर से सोचकर नीति तैयार करनी चाहिए।इसी तरह से हृदेश मित्तल का कहना है कि इस छोटे वाहनों के लिए फाटक पार करने की अलग से व्यवस्था होनी चाहिए। सोनू वर्मा व अंकुश राजौरिया ने शहर के आनंद टॉकिज से एक फुटओवरब्रिज बनाकर नगर पालिका परिसर में उतारे जाने का सुझाव दिया। राहुल वर्मा ने कहा कि छोटे वाहनों के लिए नगर पालिका में उतरने वाले ओवरब्रिज से लोगों को कम से कम दो किलोमीटर का फेरा कम पार करना होगा। मोहित कुमार व बिरजो ने कहा कि बढ़ते यातायात को उलझने से बचाने के लिए नए कदम उठाने होंगे, तब ही शहर को जाम के झाम से निजात दिलाई जा सकेगी।

# 94 खिलाड़ियों का हुआ ट्रायल, अप्रैल के पहले सप्ताह में होगा आयोजन

डीआरबी कॉलेज के मैदान पर आरआरसीएल सीजन–2 नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट अप्रैल के पहले सप्ताह में होगा। टूर्नामेंट में 12 टीमें प्रतिभाग करेंगी।हाथरस शहर के आगरा रोड स्थित दून पब्लिक स्कूल के मैदान पर 23 फरवरी को आरआरसीएल सीजन–2 नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट के लिए खिलाड़ियों का ट्रायल हुआ। इसमें आगरा, अलीगढ़, एटा, नोएडा एवं अन्य जनपद के करीब 94 खिलाड़ियों ने भाग लिया। यह टूर्नामेंट अप्रैल में प्रस्तावित है।डीआरबी कॉलेज के मैदान पर आरआरसीएल सीजन–2 नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट अप्रैल के पहले सप्ताह में होगा। टूर्नामेंट में 12 टीमें प्रतिभाग करेंगी। आयोजन कमेटी ने बताया टूर्नामेंट की तैयारी हो रही है। जल्द ही टीमों की घोषणा कर दी जाएगी। इससे पहले ट्रायल का उद्घाटन पूर्व वरिष्ठ क्रिकेटर राजेश शर्मा ने किया। ट्रायल देने आए खिलाड़ियों का उत्साह वर्धन किया। ट्रायल के दौरान चयन कमेटी में राजेश शर्मा, सुजीत पचौरी, डॉ. मनोज शर्मा, प्रवीण उपाध्याय, गोलू पचौरी मौजूद रहे। ट्रायल के दौरान रवि ठाकुर, राहुल ठाकुर, विशाल ठाकुर, सौरभ शर्मा, गोपाल पौनिया, चंदू सेन, आशु खान, सौरभ चंद्रा, शेखर कश्यप, सिद्धार्थ शर्मा, सत्येंद्र कुमार, अजय उपाध्याय, सतीश चौधरी, राहुल तिवारी, अनिल वर्मा आदि मौजूद रहे।

# मौसम बदलने के साथ मरीजों की संख्या में बढ़ोतरी हुई

हाथरस में मौसम परिवर्तन के कारण हृदय और सांस रोगियों की परेशानियां बढ़ गई हैं। जिला अस्पताल और सरकारी एमडीटीबी अस्पताल में प्रतिदिन करीब 200 मरीज इलाज के लिए पहुंच रहे हैं। सोमवार को भी दोनों अस्पतालों की ओपीडी में लगभग 200 मरीजों ने इलाज करवाया।इसके अलावा प्राइवेट अस्पतालों में भी काफी मरीज अपना इलाज करा रहे हैं। कुछ मरीजों का उपचार जिले से बाहर भी चल रहा है। बांगला जिला अस्पताल के चिकित्सक डॉ. केके शर्मा ने बताया कि शाम से सुबह तक की सर्दी और दिन में तेज धूप के कारण हृदय रोगियों की समस्याएं बढ़ी हैं।नियमित रूप से जांच करने की अपील डॉक्टरों ने विशेष रूप से बुजुर्गों को सावधान रहने की सलाह दी है। मरीजों को गर्म कपड़े पहनने की हिदायत दी गई है। साथ ही नियमित रूप से रक्तचाप की जांच करवाने को कहा गया है। चिकित्सकों ने संतुलित आहार लेने की भी सलाह दी है। साथ ही यह भी सलाह दी है कि बीमार पड़ने पर किसी योग्य चिकित्सक से ही उपचार कराएं।

# हाथरस के सासनी तहसील परिसर में एक बड़ी चोरी की घटना ने प्रशासनिक व्यवस्था की कमियों को उजागर कर दिया



हाथरस के सासनी तहसील परिसर में एक बड़ी चोरी की घटना ने प्रशासनिक व्यवस्था की कमियों को उजागर कर दिया है। तहसील परिसर में स्थित एक खोखे से चोर लाखों रुपए के सौर ऊर्जा पैनल चुरा ले गए। तहसील परिसर में सब रजिस्ट्रार कार्यालय, यूपी जिला अधिकारी कोर्ट और तहसीलदार कोर्ट के महत्वपूर्ण दस्तावेज रखे जाते हैं।तहसीलदार को ज्ञापन सौंपालेकिन सुरक्षा व्यवस्था के नाम पर कोई इंतजाम नहीं है। तहसील प्रशासन ने गार्ड की नियुक्ति तक नहीं की है। परिसर की बाउंड्री वॉल टूटी हुई है। इस ओर किसी अधिकारी का ध्यान नहीं है। स्थानीय अधिवक्ताओं ने इस घटना को गंभीरता से लेते हुए तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा है।उन्होंने चोरी की जांच और खुलासे की मांग की है। अधिवक्ताओं ने बताया कि सुशील शर्मा नाम के व्यक्ति की कंप्यूटर की दुकान वर्षों से तहसील परिसर में चल रही है। चोरी की इस घटना के बाद दुकानदारों ने भी अपनी दुकानें बंद रख दी हैं।

## श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए जगह–जगह विश्राम शिविर बनाए गए

हाथरस में महाशिवरात्रि से पहले कांवड़ यात्रा का उत्साह चरम पर है। 26 फरवरी को मनाए जाने वाले इस पर्व के लिए हजारों श्रद्धालु गंगाजल लेकर यात्रा कर रहे हैं। सिकंद्राराऊ–मथुरा मार्ग पर सबसे अधिक भीड़ देखी जा रही है। गंगा घाट सोरों से आने वाले कांवड़ियों में बड़ी संख्या में महिलाएं भी शामिल हैं।श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए जगह–जगह विश्राम शिविर बनाए गए हैं। प्रशासन ने सुरक्षा व्यवस्था के लिए पर्याप्त पुलिस बल तैनात किया है। निस्वार्थ सेवा संस्थान सहित कई सामाजिक संगठन भी शिविर संचालन में सहयोग कर रहे हैं। भाजपा के नेता भी कांवड़ियों की सेवा में जुटे हैं।सांसद अनूप प्रधान, भाजपा जिलाध्यक्ष शरद माहेश्वरी, पूर्व जिला अध्यक्ष गौरव आर्य, हरीश सेंगर ने विभिन्न शिविरों का दौरा किया। उन्होंने कांवड़ियों को जलपान वितरण किया और कुछ समय के लिए कांवड़ भी उठाई। निस्वार्थ सेवा संस्थान के अध्यक्ष सुनील अग्रवाल ने अपने शिविर में भाजपा नेताओं का स्वागत किया।

## हाथरस के सिकंद्राराऊ में एक सड़क हादसा हुआ। सिकंद्राराऊ में एटा रोड पर श्मशान स्थल के पास एक कैंटर ने बाइक में टक्कर मार दी

हाथरस के सिकंद्राराऊ में एक सड़क हादसा हुआ। सिकंद्राराऊ में एटा रोड पर श्मशान स्थल के पास एक कैंटर ने बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार 57 वर्षीय विमल सिंह की मौत हो गई। उनके साथ बाइक पर सवार उनका बेटा अवनीश घायल हो गया।घटना सिकंद्राराऊ कोतवाली क्षेत्र के गांव सिकंदरपुर के पास हुई। विमल सिंह अपने बेटे के साथ गांव से सिकंद्राराऊ की ओर जा रहे थे। इसी दौरान सामने से आए कैंटर ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। पुलिस भी मौके पर पहुंच गई।घायल बेटे का चल रहा इलाज...हादसे के बाद दोनों घायलों को अलीगढ़ मेडिकल कॉलेज ले जाया गया। वहां डॉक्टरों ने विमल सिंह को मृत घोषित कर दिया। अवनीश का इलाज अभी जारी है। पुलिस ने मृतक के शव का पोस्टमार्टम करवाया है। साथ ही हादसे में शामिल कैंटर को अपने कब्जे में ले लिया है। घटना की सूचना मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया।

# जनपद के मलावन थाना क्षेत्र में पुलिस हिरासत में लिए गए एक युवक की अचानक तबीयत बिगड़ने से हड़कंप मच गया

जनपद के मलावन थाना क्षेत्र में पुलिस हिरासत में लिए गए एक युवक की अचानक तबीयत बिगड़ने से हड़कंप मच गया। युवक को आनन–फानन में वीरांगना अवंती बाई कॉलेज में भर्ती कराया गया, जहां उसकी गंभीर हालत को देखते हुए हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। फिलहाल युवक का इलाज आगरा में चल रहा है और अब उसकी हालत बताई जा रही है। मिली जानकारी के अनुसार, युवक जितेंद्र पुत्र मुन्नालाल, निवासी गांव इसौली, थाना सकरौली पर आरोप था कि उसने एक शादीशुदा युवती को विवाह के दो दिन बाद ही भगा लिया था। इस मामले में मथुरा के बलदेव थाना क्षेत्र में उसके खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई थी। रविवार देर शाम जितेंद्र और उक्त युवती मलावन टोल प्लाजा पर खड़े थे, तभी युवती के परिजनों ने डायल 112 पर सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने युवक को गिरफ्तार कर मलावन कोतवाली ले आई और फिर उसे बलदेव थाना पुलिस को सौंप दिया तो रास्ते में जब बलदेव थाना पुलिस जितेंद्र को ले जा रही थी, तभी अचानक उसकी तबीयत बिगड़ गई तो पुलिस ने तुरंत उसे वीरांगन अवंती बाई मेडिकल कॉलेज, एटा में भर्ती कराया, जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसकी गंभीर हालत को देखते हुए उसे आगरा के लिए रेफर कर दिया। गिरफ्तार युवक के पिता मुन्नालाल ने बताया कि उनका बेटा पूरी तरह ठीक था और उसे मलावन थाना पुलिस को सही सलामत सौंपा गया था। उन्होंने बताया कि बलदेव थाना पुलिस जब उसे ले जा रही थी, तभी फोन आया कि उसके बेटे को उल्टियां हो रही हैं। डॉक्टरों के अनुसार, युवक दो दिन से खाली पेट था, जिससे गैस बनने की समस्या हो गई। इस पूरे मामले पर थाना प्रभारी मलावन रोहित राठी ने बताया कि युवक को डायल 112 पुलिस थाने लाई थी, क्योंकि उस पर बलदेव थाना क्षेत्र में मामला दर्ज था उसे नियमानुसार बलदेव पुलिस को सौंप दिया गया था, लेकिन रास्ते में उसकी तबीयत बिगड़ गई। बलदेव थाना पुलिस के साथ मौजूद पुलिसकर्मी प्रदीप कुमार ने भी बताया कि युवक को गाड़ी में पीछे बैठाकर ले जाया जा रहा था, तभी उसकी तबीयत बिगड़ी और उसे तुरंत अस्पताल में भर्ती कराया गया। फिलहाल युवक का इलाज आगरा में चल रहा है और अब उसकी हालत ठीक बताई जा रही है। पुलिस ने परिजनों को भी मौके पर बुला लिया है।

## कासगंज जिले के थाना ढोलना क्षेत्र में . एक दर्दनाक सड़क हादसा

कासगंज जिले के थाना ढोलना क्षेत्र में एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ। गढ़ी चकेरी गांव के समीप चकेरी दरवाजा के पास एक तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार 29 वर्षीय भूपेंद्र की मौके पर ही मौत हो गई। बिरसुउआ गांव का रहने वाला था। वह अपने गांव से अपनी ससुराल रज्जी नगला जा रहा था। इसी दौरान गढ़ी चकेरी मार्ग पर यह हादसा हुआ। हादसे के बाद ट्रैक्टर चालक मौके से फरार हो गया।सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस फरार ट्रैक्टर चालक की तलाश कर रही है। घटना की जानकारी मिलने के बाद मृतक के परिजनों का रो–रोकर बुरा हाल है।

## एटा जिले में केनरा बैंक ने साइबर सुरक्षा .जागरूकता अभियान चलाया

एटा जिले में केनरा बैंक ने साइबर सुरक्षा जागरूकता अभियान चलाया। कचहरी रोड स्थित बैंक की मुख्य शाखा में खाताधारकों को साइबर अपराधों से बचने के महत्वपूर्ण टिप्स दिए गए। केनरा बैंक के एजीएम पी वी कृष्णा प्रसाद ने बताया कि बढ़ते साइबर फ्रॉड के मामलों को देखते हुए यह जागरूकता मुहिम शुरू की गई है। उन्होंने ग्राहकों को कई सुरक्षा सुझाव दिए। फोन पर आने वाले ओटीपी को किसी से शेयर न करें। एटीएम पिन गोपनीय रखें। फोन पर लॉटरी जीतने जैसे लालच से बचें।शेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों में साइबर फ्रॉड के मामले बढ़ रहे हैं। साइबर अपराधी व्हाट्सएप, फेसबुक और अन्य सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर विभिन्न प्रकार के लालच देकर लोगों को अपना शिकार बना रहे हैं। बैंक ने लोगों से किसी भी साइबर धोखाधड़ी की स्थिति में तुरंत पुलिस और सरकारी हेल्पलाइन नंबरों पर संपर्क करने की सलाह दी। साइबर सुरक्षा के साथ स्वच्छता अभियान भी चलाया गया। बैंक अधिकारियों ने कहा कि साइबर फ्रॉड से बचने के लिए सतर्कता और जागरूकता बेहद जरूरी है।

## एटा के जीटी रोड स्थित रानी लक्ष्मी बाई बालिका इंटर कॉलेज में बोर्ड परीक्षा देने पहुंची छात्रा पेपर देख करके बेहोश हो गई

एटा के जीटी रोड स्थित रानी लक्ष्मी बाई बालिका इंटर कॉलेज में बोर्ड परीक्षा देने पहुंची छात्रा पेपर देख करके बेहोश हो गई। कोतवाली देहात थाना क्षेत्र के गांव नगला कंचन की 15 वर्षीय छात्रा उमा पेपर लिखते समय बेहोश होकर गिर पड़ी।परीक्षा केंद्र प्रशासन ने तुरंत कार्रवाई करते हुए छात्रा को दूसरी मंजिल से नीचे उतारा। साथ ही परिजनों को सूचना दी गई। एम्बुलेंस की मदद से छात्रा को वीरांगना अवंती बाई मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया।होश में आने के बाद उमा ने बताया कि वह परीक्षा दे रही थी। इसी दौरान पेपर लिखते समय उसे चक्कर आ गया और वह गिर गई। फिलहाल छात्रा का मेडिकल कॉलेज में इलाज जारी है।

## कासगंज के घिनौना ग्राम पंचायत में भारतीय किसान यूनियन चढ़ूनी के बैनर तले किसानों ने धरना प्रदर्शन किया

कासगंज के घिनौना ग्राम पंचायत में भारतीय किसान यूनियन चढ़ूनी के बैनर तले किसानों ने धरना प्रदर्शन किया। किसानों का कहना है कि गांव में जल भराव की समस्या से लोग परेशान हैं।भाकियू चढ़ूनी के जिला अध्यक्ष चौधरी डीपी यादव ने समस्या की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि गांव की सड़कें खराब हैं। स्कूली बच्चों को आने–जाने में परेशानी होती है। बच्चे अक्सर खराब सड़कों पर गिर जाते हैं।किसानों का आरोप है कि ग्राम प्रधान और सचिव विकास कार्य नहीं करा रहे हैं। जब वे सड़कों की मरम्मत और जल भराव की समस्या का समाधान मांगते हैं, तो कोई सुनवाई नहीं होती। सचिव चंद्रप्रकाश किसानों को झूठी एफआईआर की धमकी देते हैं।प्रदर्शनकारी किसानों ने कहा कि उनका ज्ञापन लेने कोई अधिकारी नहीं आया। उन्होंने चेतावनी दी है कि जब तक समस्या का समाधान नहीं होगा, धरना प्रदर्शन जारी रहेगा।

## कासगंज के घिनौना ग्राम पंचायत में भारतीय किसान यूनियन चढ़ूनी के बैनर तले किसानों ने धरना प्रदर्शन किया

कासगंज के घिनौना ग्राम पंचायत में भारतीय किसान यूनियन चढ़ूनी के बैनर तले किसानों ने धरना प्रदर्शन किया। किसानों का कहना है कि गांव में जल भराव की समस्या से लोग परेशान हैं।भाकियू चढ़ूनी के जिला अध्यक्ष चौधरी डीपी यादव ने समस्या की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि गांव की सड़कें खराब हैं। स्कूली बच्चों को आने–जाने में परेशानी होती है। बच्चे अक्सर खराब सड़कों पर गिर जाते हैं।किसानों का आरोप है कि ग्राम प्रधान और सचिव विकास कार्य नहीं करा रहे हैं। जब वे सड़कों की मरम्मत और जल भराव की समस्या का समाधान मांगते हैं, तो कोई सुनवाई नहीं होती। सचिव चंद्रप्रकाश किसानों को झूठी एफआईआर की धमकी देते हैं।प्रदर्शनकारी किसानों ने कहा कि उनका ज्ञापन लेने कोई अधिकारी नहीं आया। उन्होंने चेतावनी दी है कि जब तक समस्या का समाधान नहीं होगा, धरना प्रदर्शन जारी रहेगा।

## एटा में किसानों को नकली बीज बेचने का मामला सामने आया

एटा में किसानों को नकली बीज बेचने का मामला सामने आया है। भारतीय किसान यूनियन स्वराज के किसान नेताओं ने जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर कार्रवाई की मांग की है। जिला अध्यक्ष लव पाराशर के नेतृत्व में किसानों ने कलेक्ट्रेट स्थित धरना स्थल पर प्रदर्शन किया। उन्होंने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नाम संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी प्रेमरंजन सिंह को सौंपा।किसानों का आरोप है कि प्राइवेट खाद और बीज विक्रेता नकली सामान बेच रहे हैं। विक्रेता बिल भी नहीं दे रहे हैं। राम बीज भंडार, चोला बीज भंडार, कृष्ण बीज भंडार और मोहन ट्रेडर्स से मक्का का बीज 550 से 950 रुपये में खरीदा गया। बिल मांगने पर भी नहीं दिया गया।जिला कृषि अधिकारी से शिकायत के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं हुई। किसान नेताओं ने बताया कि एटा की तीनों तहसीलों – अलीगंज, एटा और जलेसर में नकली बीज का कारोबार चल रहा है। उन्होंने जिलाधिकारी से दोषी विक्रेताओं के खिलाफ जांच और कार्रवाई की मांग की है।

## एटा के मेडिकल कॉलेज में सोमवार सुबह एक युवक को अचेतावस्था में लाया गया

एटा के मेडिकल कॉलेज में सोमवार सुबह एक युवक को अचेतावस्था में लाया गया। चिकित्सकों ने उसको मृत घोषित कर दिया। युवक गांव नगला गडरिया थाना एका जिला फिरोजाबाद का रहने वाला था। मृतक के चाचा के अनुसार उसके भाभी के साथ संबंध थे। कहासुनी होने पर फंदा लगाकर जान दे दी।गांव गडरिया निवासी भूदेव सिंह ने बताया कि भतीजा सुरेश (26) खेती करता था। दो वर्ष पूर्व ही जिला इटावा के गांव लोकनी निवासी शिवानी के साथ इसका विवाह हुआ था। शादी से पहले से ही इसके अपनी भाभी के साथ संबंध थे। पत्नी को इस बारे में पता चला तो उसने विरोध किया। सुरेश ने बात नहीं मानी तो पत्नी शिवानी मायके चली गई और ढाई माह से वहीं रह रही है। चाचा ने बताया कि सोमवार की सुबह सुरेश की उसकी भाभी से कहासुनी हो गई। इसके बाद वह घर से थोड़ी दूर पुराने कच्चे बने पशुबाड़े में चला गया। जब काफी देर तक नहीं लौटा तो परिजन को चिंता हुई। जाकर देखा तो सुरेश कच्ची छत की सोठ में पटार (चारपाई बुनने वाली प्लास्टिक की रस्सी) से बने फंदे पर लटक रहा था। यह देखकर शोर मचाया तो आसपास के लोग मौके पर पहुंच गए और फंदे से उतारकर मेडिकल कॉलेज एटा लेकर आए। यहां चिकित्सक ने सुरेश को मृत घोषित कर दिया। परिजन मेडिकल कॉलेज से शव को बिना पोस्टमार्टम कराए ले गए।

## एटा जिले के अलीगंज में न्यायालय के .आदेश पर प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई

एटा जिले के अलीगंज में न्यायालय के आदेश पर प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने 2.75 लाख रुपए की 1084 लीटर अवैध कच्ची शराब नष्ट की। यह शराब विभिन्न मामलों में जब्त की गई थी। नायब तहसीलदार सतीश कुमार की मौजूदगी में शराब नष्ट करने की कार्रवाई की गई। एटा के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्याम नारायण सिंह ने इस कार्रवाई के निर्देश दिए थे। क्षेत्राधिकारी अलीगंज ज्ञानेंद्र प्रताप सिंह और थाना प्रभारी निर्दोष सिंह सेंगर भी मौके पर उपस्थित रहे।पुलिस ने बुलडोजर से गड्ढा खोदकर शराब को दफन किया। जब्त शराब के मामलों में पहले कानूनी कार्रवाई पूरी की गई थी। इन मामलों में न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किए गए थे। न्यायालय के निर्देश पर ही यह कार्रवाई अमल में लाई गई।

## एटा। अलीगंज थाना क्षेत्र में अपनी बहन की चौथी की विदा के लिए बाइक से जा रहे तीन लोग दूसरी बाइक से टकरा गए

एटा। अलीगंज थाना क्षेत्र में अपनी बहन की चौथी की विदा के लिए बाइक से जा रहे तीन लोग दूसरी बाइक से टकरा गए। तीनों लोग घायल हो गए।वावन नगला निवासी शिवा अपनी बहन की चौथी की विदा के लिए हरदोई निवासी रिश्तेदार कुणाल और अलीपुर खेड़ा मैनपुरी निवासी गोविंद के साथ बाइक पर सवार होकर मैनपुरी जा रहे थे। हरसिंहपुर मोड़ पर सामने से आ रही दूसरी बाइक से टक्कर हो गई। जिससे तीनों घायल हो गए। सूचना मिलने पर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और तीनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अलीगंज में भर्ती कराया।कार की टक्कर से बाइक सवार दो घायल सकीट। थाना क्षेत्र के अंतर्गत रिलायंस पेट्रोल पंप के पास रविवार को कार की बाइक से टक्कर हो गई। बाइक सवार एटा के रानी अवंतीबाई नगर निवासी मोहर सिंह व सोनू रविवार को किसी काम से मैनपुरी गए हुए थे। वापस लौटते समय मलावन फ्लाईओवर के पास कार से टकरा गए। चालक कार लेकर मौके से भाग गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों घायलों को उपचार के सीएचसी सकीट पर भर्ती कराया। चिकित्सकों ने हालत गंभीर देखते हुए प्राथमिक उपचार कर मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया।।

## कासगंज। गंगेश्वर कालोनी के 16 बीघा क्षेत्र में क्षतिग्रस्त नाले का निर्माण कार्य 22 लाख रुपये में कराया जाएगा

कासगंज। गंगेश्वर कालोनी के 16 बीघा क्षेत्र में क्षतिग्रस्त नाले का निर्माण कार्य 22 लाख रुपये में कराया जाएगा। नगर पालिका से धनराशि स्वीकृत हो गई है। नाला निर्माण से लोगों को जलभराव की समस्या से राहत मिलेगी। नगर पालिका ने 16 बीघा इलाके में कई साल पहले नाले का निर्माण कराया था। अब यह नाला कई स्थानों से क्षतिग्रस्त हो चुका है। इस वजह से नाले की सफाई नहीं होती है, जिससे जलभराव हो जाता है। लंबे समय से क्षेत्र के लोग जलभराव की समस्या झेल रहे है। जिलाधिकारी से स्वीकृति के बाद नगर पालिका ने नाले निर्माण कार्य शुरू करा दिया है। इस के लिए 22 लाख रुपये की धनराशि स्वीकृत की गई है। हुकुम चंद के घर से दशरथ के घर तक निर्माण कार्य कराया जाएगा। क्षेत्र के प्रदीप कुमार ने बताया किया नाला निर्माण होने के बाद जलभराव की समस्या नहीं रहेगी।

जननायक सम्राट
हिन्दी साप्ताहिक
मालिक,मुद्रक, प्रकाशक आरती वर्मा द्वारा आशु प्रिंटिंगप्रेस,अचलताल अलीगढ़ से मुद्रितकराकर . कार्यालय सरोज नगर गली नम्बर 5,अलीगढ़ से प्रकाशित
सम्पादक–अमित कुमार वर्मा
सभी विवाद का न्याय क्षेत्र जनपद

**आवश्यकता है**
हिन्दी साप्ताहिक समाचार पत्र जननायक सम्राट के लिए जिला व्यूरो चीफमंडल व्यूरो चीफ ब्लाक ,ब्यूरो संवाददाता की आवश्यकता है।
सम्पर्क करें –
अमित कुमार वर्मा –संम्पादक
मौः–8218049162,8273402499

## कासगंज में पकड़ा गया बरेली का शातिरचोर रूई–रिक्शा से करता था रैकी, रात में चोरीय 10 लाख के जेवरात बरामद

